KOLHAN UNIVERSITY
CHAIBASA, WEST SINGHBHUM
JHARKHAND – 833202

**Dean (Academic Affairs)**

**Ref: KU/DAA/ 37/2026** **Date: 18.07.2026**

# सूचना

## स्नातक कार्यक्रम (FYUGP) सत्र 2026-30 एवं स्नातक वोकेशनल कार्यक्रम सत्र 2026-29 में नामांकन के लिए चांसलर पोर्टल खोलने हेतु

महाविद्यालयों से प्राप्त आवेदन के आलोक में तथा छात्रहित को ध्यान में रखते हुए कोल्हान विश्वविद्यालय के अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालयों में चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम (FYUGP) सत्र 2026–30 तथा Undergraduate Vocational Programme, सत्र 2026–29, के सेमेस्टर–I में ऑनलाईन नामांकन आवेदन करने हेतु दिनांक 20 जुलाई, 2026 से चांसलर पोर्टल खोला जा रहा है। नामांकन के लिए इच्छुक छात्र–छात्राएँ निम्नलिखित समय–सारणी के अनुसार नामांकन प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | चांसलर पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन प्रारम्भ करने की तिथिः | 20 जुलाई, 2026<br>मध्याह्न 12:00 बजे से |
| 2 | आवेदन करने की अंतिम तिथिः | 26 जुलाई, 2026<br>अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 3 | मेधा सूची का प्रकाशनः<br>(संबंधित कॉलेज के वेबसाइट एवं नोटिस बोर्ड पर) | 28 जुलाई, 2026 |
| 4 | मेधा सूची में चयनित विद्यार्थियों के लिए नामांकन की तिथिः | 28 जुलाई से 01 अगस्त, 2026 |
| 5 | कक्षा प्रारम्भः | 03 अगस्त, 2026 से |

**विद्यार्थियों के लिए सामान्य निर्देश–**

- चांसलर पोर्टल लिंक – www.universities.jharkhand.gov.in
- नामांकन हेतु ऑनलाईन आवेदन शुल्क – रू0 25/– प्रति विषय
- मेधा सूची संबंधित महाविद्यालयों के वेबसाइट एवं नोटिस बोर्ड पर प्रकाशित की जाएगी।
- वर्तमान सत्र से सभी महाविद्यालयों में विषयवार सीट का निर्धारण किया गया है। NEP-2020 के अनुसार विद्यार्थियों के पास अपने पसंद के अनुसार एक से अधिक विषय पढ़ने का विकल्प उपलब्ध है। अतः विद्यार्थियों को सलाह दी जाती है कि किसी कॉलेज में अपने पसंद के विषय के साथ–साथ अन्य विषयों में भी ऑनलाईन आवेदन अवश्य करें। इससे सीमित सीटों के कारण यदि किसी विद्यार्थी को अपने पसंद के विषय में नामांकन संभव नहीं हो पाता है तो उनके पास अन्य विषयों में भी नामांकन के विकल्प रहेंगें और कोई भी विद्यार्थी नामांकन लेने से वंचित न रहेगा।
- **चांसलर पोर्टल पर एक से अधिक कॉलेज में ऑनलाईन नामांकन आवेदन करने की सुविधा प्रदान की गई है ताकि विद्यार्थियों को नामांकन के लिए ज्यादा अवसर प्राप्त हो सके।**

18.7.26

KOLHAN UNIVERSITY
CHAIBASA, WEST SINGHBHUM
JHARKHAND – 833202

**Dean (Academic Affairs)**

**Ref: KU/DAA/ 37/2026** **Date: 18.07.2026**

- ऑनलाईन आवेदन इन्टरमीडिएट/10+2 उत्तीर्ण सभी विद्यार्थी कर सकते हैं। (चाहे वे CUET की परीक्षा में शामिल हुए हो अथवा नहीं हुए हों)

- वर्तमान सत्र से Botany एवं Zoology विषय के स्थान पर **Life Science** विषय उपलब्ध कराया गया है। अतः Botany अथवा Zoology विषय में नामांकन लेने के इच्छुक विद्यार्थी चांसलर पोर्टल पर **Life Science** विषय का चयन करेंगें।

- NEP-2020 के अनुसार सभी विद्यार्थियों को APAAR ID (Automated Permanent Academic Account Registry) and ABC ID (Academic Bank of Credit) बनाना आवश्यक है। APAAR ID and ABC ID नम्बर ऑनलाईन आवेदन अथवा रजिस्ट्रेशन के समय भरना पड़ता है। अतः विद्यार्थियों को सुझाव दिया जाता है कि Digi locker के माध्यम APAAR ID and ABC ID (www.abc.gov.in) बनवाकर चांसलर पोर्टल पर आवेदन करें। **APAAR ID अनिवार्य है।**

- SC/ST/BC I/BC II/EWS के विद्यार्थियों को आरक्षित श्रेणी के अंतर्गत नामांकन लेने के लिए झारखण्ड सरकार के सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत जाति/आवासीय/आय प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

- विद्यार्थियों को सलाह दी जाती है कि चांसलर पोर्टल पर केवल सही सूचना भरें। कागजातों के सत्यापन के समय (Document Verification) यदि कोई सूचना गलत पाई जाती है तो ऐसे विद्यार्थियों के नामांकन पर विचार नहीं किया जा सकेगा।

ह0/–
अधिष्ठाता (अकादमिक कार्य)
कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा

ज्ञापांकः KU/DAA/37/2026 दिनांकः 18.07.2026

प्रतिलिपिः–

1. प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्य, सभी महाविद्यालय, कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा।
2. The PMU Team, Chancellor Portal, Ranchi के सूचनार्थ एवं कार्यार्थ प्रेषित।
3. विश्वविद्यालय वेबसाइट
4. कुलपति के सहायक को माननीय कुलपति के सूचनार्थ।
5. कुलसचिव के सहायक को कुलसचिव के सूचनार्थ।
6. संचिका में।

18.7.26

अधिष्ठाता (अकादमिक कार्य)
कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा